# 0204

**SET -**

Total No. of Questions - **16**

Total No. of Printed Pages - **8**

**Regd. No.** | | | | | | | | | | |

## Part - II

# HINDI, Paper - II

### (Second Language)

# MODEL QUESTION PAPER

### (For the Academic Year 2021-22 only)

***Time :*** **3 Hours** ***Max. Marks :*** **100**

**सूचनाएँ:** 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

2. जिस क्रम में प्रश्न दिये गये हैं, उसी क्रम से उत्तर लिखना अनिवार्य हैं ।

## खण्ड 'क'

## (60 अंक)

**I.** निम्नलिखित **किसी एक** पद्य का भावार्थ लिखिए । 1 × 6 = 6

1. खैर, खून, खाँसी, खुसी, बैर, प्रीति, मदपान ।
   रहिमन दाबै ना दबै, जानत सकल जहान ॥

2. मेरी भव-बाधा हरौ, राधा नागरि सोय ।
   जा तन की झांई परै, स्यामु हरित-दुति होय ॥

3. रहिमन धागा प्रेम का, मत तोरो चटकाय ।
   टूटे से फिर ना जुरै, जुरै गांठ पर जाय ॥

**II.** निम्नलिखित **किसी एक** कविता का सारांश 5-6 वाक्यों में लिखिए । 1×6=6

1. जो बीत गयी
2. 'बच्चे काम पर जा रहे है'
3. गुलाबी चूड़ियाँ

Turn Over

**III.** निम्नलिखित **किसी एक** पाठ का सारांश 5-6 वाक्यों में लिखिए । 1 × 6 = 6

1. पहाड़ से ऊँचा आदमी
2. उपभोक्तावाद की संस्कृति
3. तेलंगाना के दर्शनीय स्थल

**IV.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** के उत्तर 3-4 वाक्यों में लिखिए । 2×4=8

1. 'अंधेर नगरी' एकांकी के अंत में फाँसी पर कौन चढ़ा और क्यों?
2. 'गाँव का ईश्वर' एकांकी का उद्देश्य क्या है ?
3. गोबरधनदास के बारे में आप क्या जानते हैं?
4. रतन कौन है? उसके बारे में तीन-चार वाक्य लिखिए ।

**V.** निम्नलिखित पद्यांशों में से **किन्हीं दो** पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए ।
2 × 3 = 6

1. हाँ भाई, मैं भी पिता हूँ
   वो तो बस यूँ ही पूछ लिया आपसे
   वरना किसे नहीं भाएँगी ?
   नन्हीं कलाइयों की गुलाबी चूड़ियाँ!

2. कितने इसके तारे टूटे,
   कितने इसके प्यारे छूटे,
   जो छूट गए फिर कहाँ मिले;
   पर बोलो टूटे तारों पर
   कब अम्बर शोक मनाता है ।
   जो बीत गई सो बात गई!

3. क्या अंतरिक्ष में गिर गई हैं सारी गेंदें
   क्या दीमकों ने खा लिया है
   सारी रंग बिरंगी किताबों को

4. सूखी कितनी इस की कलियाँ
मुर्झाई कितनी वल्लरियाँ,
जो मुर्झाई फिर कहाँ खिलीं;
पर बोलो सुखे फूलों पर
कब मधुवन शोर मचाता है ।
जो बीत गई सो बात गई!

5. कोहरे से ढकी सड़क पर बच्चे काम पर जा रहे हैं
सुबह सुबह
बच्चे काम पर जा रहे हैं

**VI.** निम्नलिखित गद्यांशों में से **किन्हीं दो** गद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए । $2 \times 3 = 6$

1. हमारे सीमित संसाधनों का घोर अपव्यय हो रहा है । जीवन की गुणवत्ता आलू के चिप्स से नहीं सुधरती । न बहुविज्ञापित शीतल पेयों से । भले ही वे अंतर्राष्ट्रीय हों ।

2. गेलौर से वजीरगंज जाने की 90 किलोमीटर की दूरी को 13 किलोमीटर ला देने वाला यह रास्ता एक श्रमिक के प्यार की निशानी है । एक अंग्रेज पत्रकार ने लिखाः - 'पूअरमैंस ताजमहल'।

3. वास्तव में तेलंगाना धरती की भीनी-भीनी सुगंध माँ भारती के अंग-अंग को सुरभित करती है।

4. पहाड़ मुझे उतना ऊँचा कभी नही लगा जितना लोग बताते हैं । मनुष्य से ज़्यादा ऊँचा कोई नहीं होता ।

5. कहते हैं, जो पेंसिल वे एक बार खरीदती थीं, वह जब तक इतनी छोटी न हो जाती कि उनकी पकड में भी न आए तब तक उससे काम लेती थीं ।



Turn Over

**VII.** निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए । $2 \times 3 = 6$

1. रहीम का संक्षिप्त परिचय लिखिए ।
2. बिहारी के अनुसार दुःख में हमें किस तरह रहना चाहिए ।
3. 'गुलाबी चूड़ियाँ' कविता मे निहित मूल भावना का वर्णन कीजिए ।
4. बीत गयी सो बात गयी कविता में प्रकृति के माध्यम से क्या प्रेरणा मिलती है ?
5. 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता में कवि क्या प्रश्न पूछता है?
6. नागार्जुन का संक्षिप्त परिचय लिखिए ।

**VIII.** निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए । $2 \times 3 = 6$

1. उपभोक्तावाद संस्कृति का आपके जीवन पर क्या प्रभाव पड़ रहा है ?
2. 'पहाड़ से ऊँचा आदमी' पाठ से हम क्या सीखते हैं?
3. मन्नू भंडारी के बहुचर्चित उपन्यास कौनसे हैं? उनकी विशेषता क्या है?
4. तेलंगाना की राजधानी क्या है? उसके बारे में लिखिए ।
5. तेलंगाना के किसी एक मनपसंद दर्शनीय स्थल के बारे में लिखिए ।
6. दशरथ माँझी ने पहाड़ तोड़ने की बात क्यों सोची?

**IX.** निम्नलिखित प्रश्नों का **एक वाक्य** में उत्तर लिखिए । $5 \times 1 = 5$

1. रहीम का पूरा नाम क्या है ?
2. बिहारी किनके दरबारी कवि थे ?
3. नागार्जुन का असली नाम क्या है ?
4. हालावाद के प्रवर्तक कौन थे?
5. सारी किताबों को किसने खा लिया?

**X.** निम्नलिखित प्रश्नों का **एक वाक्य** में उत्तर लिखिए । 5 × 1 = 5

1. उपभोक्तावाद की संस्कृति पाठ के लेखक कौन हैं?
2. दशरथ माँझी ने पहाड़ को किससे काटा ?
3. लेखक ने दशरथ माँझी की तुलना किन पौराणिक पुरुषों से की है ?
4. अन्नू को बुखार आने पर डॉक्टर ने क्या सलाह दी?
5. कोलनुपाका में किनका प्रसिद्ध मंदिर है?

## खण्ड 'ख'

## (40 अंक)

**XI.** निम्नलिखित में से **एक पत्र** लिखिए । 1 × 5 = 5

1. बस में छूटे सामान के बारे में परिवहन अधिकारी के नाम पत्र लिखिए ।
2. परीक्षा में अच्छे अंक पाने पर भाई को बधाई देते हुए पत्र लिखिए ।
3. तीन दिन का अवकाश माँगते हुए प्रधानाचार्य के नाम पत्र लिखिए ।

**XII.** निम्नलिखित में से **किन्ही आठ** शब्दों का सन्धि विच्छेद कीजिए । 8 × 1 = 8

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. हिमालय | 2. नरेश | 3. एकैक | 4. स्वागत |
| 5. यद्यपि | 6. सज्जन | 7. मनोनुकूल | 8. निराशा |
| 9. नमस्ते | 10. मनोबल | 11. इत्यादि | 12. ज्ञानोपदेश |
| 13. पुस्तकालय | 14. मतैक्य | 15. वनौषधि | 16. उल्लास |

**XIII.** निम्नलिखित में से **किन्ही पाँच** शब्दों के समास के नाम लिखिए । 5 × 1 = 5

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. गंगाजल | 2. भरपेट | 3. नीलकंठ | 4. नवग्रह |
| 5. जलज | 6. देहलता | 7. अन्न-जल | 8. त्रिलोक |
| 9. सत्याग्रह | 10. आजीवन | | |

**XIV.** अ) निम्नलिखित विज्ञापन पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए । $4 \times 1 = 4$




1. यह विज्ञापन किस विभाग का है ?
2. भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए हमे क्या करना चाहिए ?
3. यह विज्ञापन किस सप्ताह के संदर्भ में दिया गया है ?
4. देश को किससे मुक्त करना है ?

आ) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए । $4 \times 1 = 4$

गोदावरी दक्षिण भारत की एक प्रमुख नदी है । यह नदी दूसरी प्रायद्वीपीय नदियों में से सबसे बड़ी नदी है । इसे दक्षिण गंगा भी कहा जाता है । इसकी उत्पत्ति पश्चिमी घाट में त्रयंबक पहाड़ी से हुई है । यह महाराष्ट्र में नासिक जिले से निकलती है । इसकी लम्बाई प्रायः 1465 किलोमीटर है । इस नदी का पाट बहुत बड़ा है । गोदावरी की उपनदियों में प्रमुख है प्राणहिता, इन्द्रावती, मंजिरा। यह महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से बहते हुए राजमहेन्द्री शहर के समीप बंगाल की खाड़ी मे जाकर मिलती है । कुछ विद्वानों के अनुसार, इसका नामकरण तेलुगु भाषा के शब्द 'गोद' से हुआ है, जिसका अर्थ मर्यादा होता है । एक बार महर्षि गौतम ने घोर तप किया । इससे रुद्र प्रसन्न हो गए और उन्होंने एक बाल के प्रभाव से गंगा को प्रवाहित किया । गंगाजल के स्पर्श से एक मृत

गाय पुनर्जीवित हो उठी । इसी कारण इसका नाम गोदावरी पड़ा । गौतम से संबंध जुड जाने के कारण इसे गौतमी भी कहा जाने लगा । इसमें नहाने से सारे पाप धुल जाते हैं । गोदावरी की सात धारा वसिष्ठा, कौशिकी, वृद्ध गौतमी, भरद्वाजी, अत्रेयी और तुल्या अति प्रसिद्ध है । पुराणों में इनका वर्णन मिलता है।

1. गोदावरी कहाँ की प्रमुख नदी है ?
2. इस नदी की लंबाई कितनी है ?
3. गोदावरी शब्द का नामकरण किस शब्द से हुआ ?
4. गोदावरी का दूसरा नाम क्या है ?

**XV.** अ) निम्नलिखित में से **किन्ही चार** मुहावरों के अर्थ लिखिए । 4 × 1 = 4

1. अपने पाँव पर आप कुल्हाड़ी मारना
2. पेट में चूहे कूदना
3. तारे तोड़ लाना
4. कुएँ का मेंढ़क होना
5. अंग-अंग ढीला होना
6. अपना रास्ता नापना
7. इशारे पर नाचना
8. हौसला बढ़ाना

आ) निम्नलिखित में से **किन्ही चार** लोकोक्तियों के अर्थ लिखिए । 4 × 1 = 4

1. एक पंथ दो काज
2. काला अक्षर भैंस बराबर
3. पाँचों उँगलियाँ घी में होना
4. कंगाली में आटा गीला होना
5. अंधेर नगरी चौपट राजा, टका सेर भाजी टका सेर खाजा



Turn Over

6. अपने मुँह मियाँ मिट्ठू

7. साँप मरे और लाठी न टूटे

8. जान है तो जहान है

**XVI.** निम्नलिखित वाक्यों में से **किन्ही तीन** वाक्यों का वाच्य बदलिए । $3 \times 2 = 6$

1. राम पुस्तक पढ़ता है ।
2. अखिला से फल खाया जाता है ।
3. सीता नहीं बैठती ।
4. वह पत्र देता है ।
5. उससे खेला जाता है ।
6. वह नहीं हँसता
7. राम नहीं सोता है ।
8. वह कविता सुनती है ।

---